भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 46*

जिसका उत्तर बृहस्तपतिवार, 03 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

**बी० एच० ई० एल० द्वारा हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापन**

**46*. श्री तपन कुमार सेन:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में भारत हेवी इलेक्ट्रकल्स लिमिटेड (बी०एच०ई०एल०) द्वारा हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापनों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार बी०एच०ई०एल० के लिए आर्डरों की संख्या में वृद्धि करने का प्रयास कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री अनंत ग. गीते)**

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

******

**"बी० एच० ई० एल० द्वारा हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापन" के संबंध में श्री तपन कुमार सेन द्वारा दिनांक 03.12.2015 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 46 के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2012-13, 2013-14 और 2014-15 के दौरान हस्ताक्षरित विभिन्न समझौता ज्ञापनों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख): भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय बीएचईएल के साथ नियमित आधार पर समीक्षा बैठकें करता है और उपयुक्त आपसी बातचीत के माध्यम से कंपनी के मामलों को अन्य सरकारी एजेन्सियों/विभागों/मंत्रालयों/ग्राहकों आदि के साथ उठाने में मामला दर मामला आधार पर अपेक्षित सहायता प्रदान करता है। इस संबंध में, बीएचईएल की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने तथा सामान्य तौर पर वैश्विक कड़े प्रतिस्पर्धी वातावरण में प्रचालनरत घरेलू उद्योग को सुविधाएं प्रदान करने के अलावा इसकी आर्डर बुक की स्थिति सुधारने के उद्देश्य से भी भारी उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न अंतर्मंत्रालयी उपाय किए गए हैं। इन उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

- विदेशी विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में बीएचईएल सहित घरेलू पॉवर इक्विपमेंट उद्योग द्वारा सामना की जा रही अलाभप्रद स्थिति को दूर करने के लिए समान अवसरों का अनुपालन;
- भावी अल्ट्रा मेगा पॉवर परियोजनाओं (यूएमपीपी) के लिए टेंडर शर्तों के भाग के रूप में मुख्य पॉवर प्लांट इक्विपमेंट (अर्थात् बॉयलर और टरबाइन जनरेटर) के घरेलू स्रोत की अनिवार्य शर्त सफलतापूर्वक लागू की गई ;
- विनिर्माण, आपूर्ति और यूटिलिटी पॉवर परियोजनाओं के निष्पादन में बीएचईएल के अनुभव को देखते हुए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं/सहयोगकर्ताओं से संयुक्त उपक्रम विलेख (डीजेयू) की आवश्यकता के बिना सुपरक्रिटिकल थर्मल पॉवर परियोजना टेंडरों (केन्द्रीय यूटीलिटीज द्वारा जारी किए गए) के कुछ विशिष्ट मामलों में बीएचईएल को भागीदारी के योग्य स्वीकार करना;
- पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना की प्रस्तावित पी-75 (I) परियोजना के लिए संभावित बोलीदाता के रूप में मिश्रधातु निगम लिमिटेड और हिन्दुस्तान शिपयार्ड्स लिमिटेड के साथ बीएचईएल साझेदारी पर विचार करने हेतु रक्षा मंत्रालय से संपर्क करना;
- बीएचईएल द्वारा भारतीय रेलवे को लोकोमोटिव्स तथा अन्य ट्रेक्शन इक्विपमेंट की आपूर्ति करना;
- "मेक इन इंडिया" पहल के अंतर्गत बीएचईएल की क्षमताओं को प्रदर्शित करना;
- भारत सरकार की ऋण सुविधाओं/अनुदानों सहित विदेशी पॉवर परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण सहायता के संबंध में आपसी बातचीत के लिए विशिष्ट अनुरोध करना ;

**अनुबंध**

**बीएचईएल द्वारा 2012-13, 2013-14 और 2014-15 के दौरान हस्ताक्षर किए गए प्रमुख समझौता ज्ञापन (एमओयू)**

***क.*** **बीएचईएल और भारी उद्योग विभाग भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय ,के बीच समझौता ज्ञापन**

| वर्ष | हस्ताक्षर करने की तारीख/माह | प्रयोजन | संक्षिप्त ब्यौरा/टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 2012-13 | 30.03.2012 | बीएचईएल के कार्य निष्पादन और लक्ष्य | लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों पर आधारित तथा लोक उद्यम विभाग द्वारा गठित समझौता ज्ञापन कार्यदल के निदेशों, जिनमें अन्य के साथ-साथ कार्य-निष्पादन मानक एव लक्ष्य सम्मिलित हैं, के अनुरूप संबंधित वर्ष के लिए एक परक्रामित समझौता। |
| 2013-14 | 25.03.2013 | | |
| 2014-15 | 05/2014 | | |

***ख.*** बीएचईएल तथा बीएचईएल-इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड (बीएचईएल-ईएमएल), केसरगोड (बीएचईएल की सहायक) के बीच समझौता ज्ञापन

| वर्ष | हस्ताक्षर करने की तारीख/माह | प्रयोजन | संक्षिप्त ब्यौरा/टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 2012-13 | लागू नहीं | सहायक कंपनी के लिए कार्य-निष्पादन मानक और लक्ष्य | बीएचईएल-ईएमएल को 19 जनवरी, 2011 को निगमित किया गया था और दिसम्बर, 2012 में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की अनुसूची 'ग' उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया था। लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों पर आधारित तथा लोक उद्यम विभाग द्वारा गठित समझौता ज्ञापन कार्यदल के निदेशों, जिनमें अन्य के साथ-साथ कार्य-निष्पादन मानक एव लक्ष्य (बीएचईएल-ईएमएल, केसरगोड के लिए) सम्मिलित हैं, के अनुरूप वित्त वर्ष 2014-15 के लिए बीएचईएल-ईएमएल और बीएचईएल के बीच पहला समझौता ज्ञापन किया गया था। |
| 2013-14 | | | |
| 2014-15 | 25.06.2014 | | |

***ग. अन्य समझौता ज्ञापन***

| क्र.सं. | हस्ताक्षर करने की तारीख/माह | अन्य एजेन्सी/संगठन | संक्षिप्त ब्यौरा/टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | **2012-13** | | |
| | | | |
| ***क)*** | ***व्यापार संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 1. | 10/2012 | मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमई एंड आईएल) | 1x525 मेगावाट तूतीकोरिन पॉवर परियोजना के लिए बॉयलर, टर्बाइन और जनरेटर (बीटीजी) पैकेज में सहभागिता के लिए |
| 2. | 18.10.2012 | एटीवीपी, रक्षा मंत्रालय | रणनीतिक इक्विपमेंट्स का विकास और आपूर्ति |
| 3. | 03.09.2012 | ताजिकिस्तान की सरकारी एजेन्सी | ताजिकिस्तान में 2x50 मेगावाट हाइड्रो पॉवर परियोजना की स्थापना के लिए |
| 4. | 11.07.2012 | मेवॉन एनर्जी लिमिटेड, नाइजीरिया | नाइजीरिया में 2x20 मेगावाट हाइड्रो पॉवर परियोजना हेतु इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पैकेज के लिए |

| क्र.सं. | हस्ताक्षर करने की तारीख/माह | अन्य एजेन्सी/संगठन | संक्षिप्त ब्यौरा/टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| | | | |
| ***ख)*** | ***प्रौद्योगिकी संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 5. | 01.11.2012 | डीवीएस – जर्मन वेल्डिंग सोसाइटी | सामग्री संयोजन, अनुषंगी क्षेत्रों, वेल्डिंग कार्मिकों के प्रशिक्षण में मिलकर अनुसंधान कार्य करने के लिए |
| 6. | 08.11.2012 | जापान वेल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट (जेडब्ल्यूआरआई), जापान | वेल्डिंग इंजीनियरिंग तथा संयोजन प्रौद्योगिकी के संबंध में आधारभूत अनुसंधान करने के लिए |
| | | | |
| | **2013-14** | | |
| | | | |
| ***क)*** | ***व्यापार संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 1. | 09/2013 | मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमई एंड आईएल) | 1x525 मेगावाट तूतीकोरिन पॉवर परियोजना के लिए बॉयलर, टर्बाइन और जनरेटर (बीटीजी) पैकेज में सहभागिता के लिए |
| 2. | 27.11.2013 | जीई ग्लोबल सोर्सिंग इंडिया प्रा. लिमिटेड | रेलवे को डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति के लिए मढ़ौरा, जिला - सारण, बिहार स्थित नई मुख्यलाइन डीजल लोकोमोटिव फैक्ट्री के साथ इक्विटी साझेदार के तौर पर तथा उपकरणों और सब-असेम्बलियों की आपूर्ति के लिए एसोसिएशन। |
| 3. | 12.12.2013 | पीपावाव रक्षा अपतटीय इंजीनियरिंग निगम लिमिटेड (पीडीओईसीएल) | पारस्परिक लाभ के लिए अपनी-अपनी शक्तियों और सक्षमताओं के उत्थान के लिए सहयोग-समन्वित प्रचालनों वाले विभिन्न कारोबारों में ग्राहकों को समाधान उपलब्ध कराना। |
| 4. | 29.01.2014 | भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई), साम्भर साल्ट्स लिमिटेड (एसएसएल), पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवर ग्रिड), सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) और राजस्थान इलेक्ट्रानिक्स एवं इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल) | साम्भर, राजस्थान में बनाओ, अपनाओ और चलाओ आधार पर 4000 मेगावाट की संचयी क्षमता वाली अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर परियोजना की स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) का गठन। |
| 5. | 23.04.2013 | एच.ई. पॉवर लिमिटेड, मालावी | मालावी में 2-4 मेगावाट सौर फोटोवोल्टीय विद्युत् संयंत्र की स्थापना। |
| 6. | 28.10.2013 | स्कीपर नाइजीरिया लिमिटेड, नाइजीरिया | नाइजीरिया में 500 मेगावाट प्रत्येक के 3 विद्युत संयंत्रों के लिए बॉयलर, टरबाइन एवं जनरेटर (बीटीजी) पैकेज हेतु। |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ***ख)*** | ***प्रौद्योगिकी संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 7. | 10.04.2013 | सीएसआईआर, नई दिल्ली | अनुसंधान एवं विकास के लिए सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की सक्षमताओं का संवर्धन - बीएचईएल की आवश्यकतानुसार |
| | | | |
| | **2014-15** | | |
| | | | |
| ***क)*** | ***व्यापार संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 1. | 10/2014 | तेलंगाना राज्य विद्युत उत्पादन निगम (टीएसजीईएनसीओ) | तेलंगाना राज्य में 6000 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना। |
| 2. | 17.11.2014 | जीई ग्लोबल सोर्सिंग इंडिया प्रा. लि. | रेलवे को डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति के लिए मढ़ौरा, जिला - सारण, बिहार स्थित नई मुख्यलाइन डीजल लोकोमोटिव फैक्ट्री के साथ इक्विटी साझेदार के तौर पर तथा उपकरणों और सब-असेम्बलियों की आपूर्ति के लिए एसोसिएशन के लिए पिछले समझौता ज्ञापन का पुनर्वैधीकरण। |
| 3. | 26.12.2014 | मिश्रधातु निगम लिमिटेड (मिधानी) तथा हिन्दुस्तान शिपयार्ड्स लिटेड (एचएसएल) | पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना की प्रस्तावित पी-75 (आई) परियोजना के लिए प्रत्याशित बोलीकर्ता के रूप में विचार किए जाने के लिए रक्षा मंत्रालय में संयुक्त रूप से दावा पेश करने के लिए सहायता संघ बनाना। |
| 4. | 12.01.2015 | गुजरात ऊर्जा अनुसंधान एवं प्रबंधन संस्थान (जीईआरएमआई) | रूफटॉप इंस्टालेशन्स के लिए संविदाकारों के प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु। |
| 5. | 24.02.2015 | एनईसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | संयुक्त रूप से 1. स्मार्ट ऊर्जा; 2. स्मार्ट जल समाधान (जल शोधन समाधानों सहित); 3. सुरक्षा एवं निगरानी समाधान से संबंधित बाजार अध्ययन करना। |
| 6. | 04.04.2014 | स्कीपर इलेक्ट्रिकल्स इंडिया लिमिटेड, भारत | केन्या में पारेषण लाइन परियोजना में पूर्वअर्हता हेतु। |
| 7. | 17.04.2014 | मैकनली भारत इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, भारत | दक्षिण अफ्रीका में 300 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना। |
| 8. | 25.04.2014 | यमन की एक सरकारी एजेन्सी | यमन में अलग-अलग जगहों पर 50 मेगावाट तथा 1-2 मेगावाट सौर फोटोवोल्टीय विद्युत संयंत्रों की स्थापना। |
| 9. | 04.06.2014 | बुरकीना फासों की एक सरकारी एजेन्सी | बुरकीना फासों में 21 मेगावाट हाइड्रो पॉवर के परियोजना के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पैकेज। |
| 10. | 01.08.2014 | ताबस कोक कंपनी, ईरान | ईरान में वेस्ट हीट रिकवरी स्टीम पॉवर प्लांट (न्यूनतम 40 मेगावाट) की स्थापना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | 17.10.2014 | पीटी मरलासकटी अबादी तथा पीटी फीडबैक इन्फ्रा | इंडोनेशिया में 30-45 मेगावाट सौर विद्युत परियोजना की स्थापना। |
| 12. | 22.12.2014 | रवांडा की एक सरकारी एजेन्सी | रवांडा में एक हाइड्रो पॉवर प्लांट की स्थापना। |
| 13. | 17.03.2015 | किर्गिस्तान की एक सरकारी एजेन्सी | किर्गिस्तान में हाइड्रो पॉवर संयंत्रों की स्थापना |
| 14. | 26.03.2015 | पीटी मल्टी फैबरियोडो गेमीलांग, इंडोनेशिया | इंडोनेशिया में 2 x 150 / 2 x 100 मेगावाट कोयला चालित विद्युत संयंत्र की स्थापना। |
| | | | |
| ***ख)*** | ***प्रौद्योगिकी संबंधी सहयोग*** | | |
| | | | |
| 15. | 04.03.2015 | केन्द्रीय प्लास्टिक्स इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर | प्लास्टिक्स, थर्मोप्लास्टिक्स, नैनो-कम्पोजिट्स, फाइबर्स, सेरामिक्स के क्षेत्रों में और अन्य संगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में परामर्श- बीएचईएल की आवश्यकतानुसार। |
| 16. | 03/2015 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान – चेन्नई, कानपुर व दिल्ली में | सुपर-क्रिटिकल अनुप्रयोगों, नैनों मैटेरियल्स, सर्फेस कोटिंग्स, रोबोटिक्स, अकाउस्टिक्स, नॉइज कंट्रोल, टर्बो मशीनरी, कंप्यूटेशनल फ्लूइड डायनामिक्स (सीएफडी), इलेक्ट्रिकल मशीनों, क्रायोजेनिक्स के क्षेत्रों में तथा बीएचईएल से संगत इसके जैसे अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में परामर्श। |

<><><>